छठ पूजा

नहाए खाए के साथ छठ महापर्व का शुभारंभ

# माँ नर्मदा में किया स्नान, व्रत रखने का लिया संकल्प





**जबलपुर, नवभारत।** सूर्य उपासना के महापर्व का छठ का नहाए खाए के साथ भव्य आगाज हो गया है। नहाए खाए का दिन छठ पूजा के चार दिवसीय अनुष्ठान की शुरुआत का प्रतीक है और यह शुद्धता और संकल्प का दिन होता है। महिलाओं ने सुबह जल्दी उठकर तिलवारा घाट माँ नर्मदा के जलाशय में स्नान किया, स्नान के बाद पूरे घर और पूजा स्थल की अच्छी तरह से सफाई की सफाई के बाद स्वच्छ और नए वस्त्र धारण किए, साथ ही छठ पूजा का व्रत रखने का संकल्प लिया। व्रतधारी महिला प्रिया तिवारी ने बताया कि पहले दिन लौकी भात खाया जाता है, जिसकी तैयारी की इस भोजन को सबसे पहले भगवान सूर्य को अर्पित किया और फिर इसे प्रसाद के रूप में ग्रहण करके व्रत की शुरुआत की।

### मिट्टी के चूल्हे पर पकेगी गुड़ और चावल की खीर

छठ पूजा का दूसरा दिन खरना होता है, जो कि आज रविवार 26 अक्टूबर को मनाया जाएगा। खरना में व्रती सुबह से शाम तक निर्जला व्रत रखती हैं और शाम को पूजा के बाद गुड़ की खीर और रोटी खाकर अपना व्रत तोड़ती हैं। इस दिन को बहुत ही पवित्र माना जाता है। इस दिन से ही 36 घंटे के लंबे निर्जला व्रत की शुरुआत होती है। पर्व का दूसरा दिन खरना का अर्थ शुद्धता होता है, इसलिए इस दिन व्रती तन और मन को पूरी तरह शुद्ध रखते हैं।

### बेहद पवित्र होता है ये दिन

धार्मिक मान्यता है कि खरना के दिन ही छठी मैया का घर में प्रवेश होता है। खरना की पूजा के वक्त सूर्योदय से सूर्यास्त तक बिना जल और अन्न के कठोर उपवास किया जाता है। इसके बाद शाम के समय धरती माता और छठी मैया की पूजा की जाती है। प्रसाद के रूप में आम की लकड़ी से मिट्टी के चूल्हे पर गुड़ और चावल की खीर रसियाव और रोटी बनाई जाती है। वही पूजा के बाद यह प्रसाद परिवार के सदस्यों, दोस्तों और रिश्तेदारों के बीच बांटा जाता है।

**इनका कहना है**



छठ पर्व की शुरुआत नहाए खाए से हो चुकी है यहां जबलपुर में नर्मदा नदी के घाटों में अच्छी खासी भीड़ देखने को मिल रही है।

**श्याम प्रधान**



आज छठ पूजा के दूसरे दिन खरना मनाया जाएगा। इस दिन व्रती पूरे दिन उपवास रखते हैं। सूर्यास्त के पहले एक बूंद पानी तक ग्रहण नहीं करते हैं।

**शीतल कनौजिया**





## बुजुर्गों के अनुभव और युवा शक्ति से होता है सुदृढ समाज का निर्माण

**सिख रामगढ़िया एसोसिएशन का वार्षिकोत्सव मनाया**

**नवभारत,जबलपुर।** उल्लास भर देने वाले पंजाबी गीतों के बीच चरखा चलाती मुटियार, भांगड़ा करते गबरू और बोलियां टप्पे का साथ गिद्दा डालती युवतियों की टोलियां पंजाब की सौंधी खुशबू का सुखद अहसास करा रही थीं तो बाढ़ की विभीषिका का संजीव मंचन आंखें नम कर रहा था। यह नजारा था सिख रामगढ़िया एसोसिएशन के वार्षिकोत्सव समारोह का जोकि मानस भवन सभागार में धूमधाम के साथ मनाया गया। विगत 69 साल से सामाजिक सुधारो और सेवा कार्य मे संकल्पित रामगढ़िया एसोसिएशन के वार्षिक कार्यक्रम की शुरुवात रामगढ़िया महिला विंग द्वारा सुगम गुरुवाणी शबद कीर्तन के साथ हुई। सुरमयी गीतों की प्रस्तुति, बच्चों द्वारा भांगड़ा और गिद्दा की मनमोहक प्रस्तुति ने उपस्थितों का दिल जीत लिया। वहीं, पंजाब में आयी बाढ़ और लोगो के दर्द को एक बहुत ही सुन्दर नाटक की प्रस्तुति के साथ मंचित किया गया। जिसने दर्शकों की आंखों को नम कर दिया। इस दौरान नगर और प्रदेश का नाम रोशन करने वाले विद्यालय से लेकर महाविद्यालय स्तर के प्रतिभावान छात्रों, खिलाड़ियों और फनकारों एवं समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। यहां सभी परंपरागत पंजाबी पोशाकों में नजर आए। इस मौके पर प्रमुख वक्ताओं ने कहा कि बुजुर्गों का अनुभव और युवा शक्ति की ऊर्जा से सुदृढ समाज बनता है।

**ये रहे उपस्थित**

एसोसिएशन के अध्यक्ष स.सरबजीत सिंह रील, उपाध्यक्ष- हरजिंदर सिंघ भोमराह, सुखविंदर सिंह रील्ह, गुरमिंदर सिंह नरनाह, सचिव गुरमीत सिंह वीरू बाबराह, सह सचिव- हरजोत सिंह साहिब, कोषाध्यक्ष- रणधीर सिंह बहड़ा, सह-कोषाध्यक्ष हरजीत सिंह नरनाह ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जबलपुर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष रजिंदर सिंह छावड़ा, महासचिव मंजीत सिंह ननडा एवं सदस्यों की विशेष उपस्थिति रही।

## तुलसी एवं शमी के पौधों का वितरण



**नवभारत, जबलपुर।** परमहंस माँ ललितादेवी फाउंडेशन द्वारा माता जी का 109 वीं जयंती बड़े धूमधाम से मनायी गयी। श्री हनुमान मंदिर सूखा में श्री अखण्ड रामचरित मानस पाठ का आयोजन किया गया। लोककल्याणकारी कार्यों को अनवरत समर्पित माँ ललितादेवी फाउंडेशन ने मंदिर समिति को इलेक्ट्रिक वाद्ययंत्र भेंट किया गया। इस अवसर पर शमी के पौधे को भी रोपित किया गया, त्रिदिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला में 109 तुलसी एवं शमी के पौधों का वितरण किया जाएगा। साथ ही जरूरतमंद आत्मीजनों को ठंड से बचने गर्म कंबलों का वितरण भी प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर परमहंस माँ ललिता देवी फाउंडेशन के संस्थापक-संचालक पं. धीरेन्द्र कुमार गर्ग, ममता गर्ग, रवि पटेल, कमलेश यादव, टीकाराम झारिया, बलराम ठाकुर, ब्रजेश यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### कजरवारा में चंडी मेला कल

**नवभारत, जबलपुर।** कजरवारा में स्वर्गीय नारायण प्रसाद यादव की स्मृति में 27 अक्टूबर सोमवार को चंडी मेले का आयोजन श्री राम मंदिर प्रांगण में किया जा रहा है। मेले में भीटा, टेमर, सिद्ध नगर, बिलहरी, गधेरी, कजरवारा के ग्वाल माई चंडी, माल बाबा की पूजन कर अहीर नृत्य करेंगे, राम मंदिर समिति कजरवारा के सुरेश उपाध्यय , अनिल यादव, अटल उपाध्याय,रामकुमार ठाकुर, जबाहर बारकडे, नरेंद्र उपाध्याय, अभय उपाध्याय, विजय महोबिया, गोबिंद यादव, ने व्यापारी बंधुयों से दिन में स्थान सुरक्षित करने झूले वालों से समय पर सुरक्षित झूला लगाने के साथ ही ग्याल बाल, पुलिस प्रशासन से मेले में पहुंचने की अपील की है।

## डॉ . सुमित्र के सानिध्य में जीवन और सृजन का ज्ञान मिलता था

**पाथेय साहित्य कला अकादमी द्वारा डॉ . सुमित्र स्मृति संगोष्ठी एवं सम्मान**



**नवभारत,जबलपुर।** डॉ. सुमित्र संस्कृति और संस्कारों के संवाहक थे। उनका सृजन और चिंतन पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्पद रहा। वो एक ऐसी पाठशाला थे,जिनके सानिध्य में जीवन और सृजन का ज्ञानः मिलता था। तदाशय के उद्गार पाथेय साहित्य कला अकादमी के तत्वावधान में क्लावीथिका में आयोजित डॉ. राजकुमार सुमित्र स्मृति सृजन एवं काव्य सम्मान समारोह में अतिथियों ने व्यक्त किये। समारोह की अध्यक्षता महाकवि आचार्य भगवत दुबे ने की। मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी अशोक मनोध्याय थे। विशिष्ट अतिथि, पूर्व महापौर प्रभात साहू, विधायक डॉ. अभिलाष पांडे, आशीष शुक्ला रहे। समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार प्रतुल श्रीवास्तव को सुमित्र सृजन सम्मान एवं कवयित्री प्रतिमा अखिलेश को सुमित्र कविता सम्मान से शाल, मानपत्र, अलंकरण, नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। साथ ही बसंत मिश्रा को रचनात्मक फोटो पत्रकारिता के लिए, दविंदर सिंह ग्रोवर एवं रवि शुक्ला को कला के लिए सम्मानित किया गया। उक्त सम्मान अतिथियों सहित डॉ.हर्षि तिवारी, मोहिनी तिवारी, सोनल पांडे एवं आराध्या प्रियम ने प्रदान किया। संचालन कर रहे राजेश पाठक प्रवीण ने सम्मानित साहित्यकारों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।

**विविध संस्थाएं हुई सम्मानित**

समारोह में नगर में क्रियाशील विविध संस्थाएं मित्र संघ, मिलन, गुंजन कला सदन,गोविंदगंज रामलीला समिति, गढ़ा रामलीला समिति, समरसता सेवा संगठन, वर्तिका, मंचदीप, अनेकांत, संस्कार भारती, जागरण साहित्य, त्रिवेणी परिषद, गीत पराग, आभा साहित्य संघ, ग्रोथ, मंथनश्री, हिंदी लेखिका संघ, बुंदेली संस्कृति संगम, सशक्त हस्ताक्षर, साहित्य सहोदर, विविधा कला अकादमी, हिंदी सेवा समिति, सनाढ्य संगम, नमस्ते पहल, अंतस संस्था, सुप्रभातम एवं सिद्धार्थ फाउंडेशन को सम्मानित किया गया।

**एक नजर में**

### जे.एस. मूर्ति स्मृति व्याख्यान माला 4 नवंबर को





**नवभारत,जबलपुर।** मीडिया स्टडी सर्किल जबलपुर के तत्वावधान में चतुर्थ जे.एस. मूर्ति स्मृति व्याख्यानमाला का आयोजन 4 नवंबर 2025 को रानी दुर्गावती संग्रहालय की डॉ. हीरालाल कला वीथिका में होगा। इस अवसर पर फोटो प्रदर्शनी एवं वर्कशॉप भी आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी के वरिष्ठ प्रोफेसर, भाषाविद्, समालोचक और कवि डॉ. आशीष त्रिपाठी होंगे। वे विश्वशांति के वृहत्तर परिप्रेक्ष्य में चित्र की भाषा और भाषा में चित्र विषय पर व्याख्यान देंगे। गौरतलब है कि प्रसिद्ध फोटोपत्रकार, लेखक एवं संचार विशेषज्ञ डॉ. जे.एस. मूर्ति की स्मृति में यह व्याख्यानमाला प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है। मीडिया स्टडी सर्किल के अध्यक्ष एवं संयोजक लक्ष्मी कांत शर्मा ने छायाकारों, चित्रकारों, पत्रकारों, लेखकों, शिक्षकों, छात्रों एवं संवेदनशील नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।



### उत्तर मध्य विधानसभा में हुआ विकास कार्यों का भूमिपूजन

**नवभारत,जबलपुर।** उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र में विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय के नेतृत्व में राजीव गांधी वार्ड एवं राम मनोहर लोहिया वार्ड में विकास कार्यों का भूमिपूजन मंत्रोच्चार एवं कन्याओं के आशीर्वाद से किया गया। भूमिपूजन के तहत रंगमंच निर्माण, पेवर ब्लॉक लगाना, शेड निर्माण, सरस्वती गार्डन का उन्नयन तथा बरगद के पेड़ के पास घट बांधने के स्थान के जीर्णोद्धार जैसे कार्य शामिल हैं। डॉ. पाण्डेय ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य निरंतर जारी हैं, जिन्हें पूर्ण नियोजन और गुणवत्ता के साथ किया जा रहा है। साथ ही विरासत और पर्यावरण के संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष पुष्पराज पाण्डेय, पार्षद मधुबाला राजपूत, प्रेमशंकर तिवारी, राजेश तिवारी, रवि मोहन संतोषी, पवन गुप्ता, गोपाल चौधरी, आभा पाण्डेय सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



### मॉडल्स ने प्रतिभा और आकर्षण से बांधा समा

**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर में आयोजित भव्य मॉडलिंग शो में देशभर की मॉडल्स ने अपनी प्रतिभा और आकर्षण से समा बाँध दिया। इस ग्रैंड इवेंट में विभिन्न राज्यों से आई प्रतिभागियों ने रैंप पर अपने आत्मविश्वास और अंदाज़ से दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में मिस और मिसेज दोनों कैटेगरी में रोमांचक प्रतियोगिता देखने को मिली, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति देकर तालियों की गड़गड़ाहट बटोरी। मिसेज कैटेगरी में कानपुर की हर्षिता छाबड़ा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का ताज अपने नाम किया, जबकि खुशबू तिवारी प्रथम रनर अप और श्रद्धा भाले द्वितीय रनर अप रहीं। वहीं मिस कैटेगरी में जबलपुर की आरोहा ने बाजी मारते हुए विजेता का खिताब जीता। इस श्रेणी में कानपुर की आरती जौहरी प्रथम रनर अप और सतना की रूबी द्वितीय रनर अप बनीं। कार्यक्रम के दौरान दर्शकों ने प्रतिभागियों के आत्मविश्वास, स्टाइल और प्रस्तुति की भरपूर सराहना की।

## हेलमेट न पहनने से बढ़ जाती है सड़क दुर्घटनाओं में जनहानि की संभावना

**स्कूली विद्यार्थियों को दी यातायात नियमों की जानकारी**



**नवभारत,जबलपुर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार प्रदेशभर में 22 अक्टूबर से 5 नवम्बर 2025 तक चल रहे 15 दिवसीय हेलमेट जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को जिला पुलिस जबलपुर द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधीक्षक सम्पत्त उपाध्याय के आदेशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात अंजना तिवारी के निर्देशन में, उप पुलिस अधीक्षक यातायात संतोष शुक्ला, संगीता डामोर सहित पुलिस टीमों ने शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, स्कूलों व संस्थानों में पहुँचकर आमजन को यातायात नियमों के पालन एवं हेलमेट की अनिवार्यता के संबंध में जागरूक किया। अभियान के दौरान पारस अजुमन इस्लामिया स्कूल, निर्मला हायर सेकंडरी स्कूल एवं केंद्रीय विद्यालय गढ़ा में छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को हेलमेट पहनने के फायदे, सड़क सुरक्षा के नियम, ड्राइविंग लाइसेंस की पात्रता उम्र, जेब्रा क्रॉसिंग के महत्व आदि की जानकारी दी गई। पंपलेट वितरित कर सभी को यातायात संकेतों का पालन करने एवं अपने परिचितों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हेलमेट न पहनने से सड़क दुर्घटनाओं में जनहानि की संभावना कई गुना बढ़ जाती है, इसलिए सभी दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट को आदत में शामिल करने की अपील की गई है।



### उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र किए प्रदान

**जबलपुर।** 17वें रोजगार मेला संस्करण के अंतर्गत दिनांक 24 अक्टूबर को डाक विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय रेल के जबलपुर मंडल के अधीन 50 नवनियुक्त उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये। इस अवसर पर माननीय केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार, सांसद आशीष दुबे, तथा राज्यसभा सदस्य सुमित्रा बाल्मीक की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा नव-नियुक्त युवाओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गईं एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान हेतु प्रेरित किया गया।

### एसआईएचएम विद्यार्थियों का 5 स्टार होटलों में चयन

**नवभारत,जबलपुर।** एयरपोर्ट रोड डुमना स्थित शासकीय राजकीय होटल प्रबंधन संस्थान ( एसआईएचएम) के बी.एस.सी. (हॉस्पिटैलिटी एंड होटल एडमिनिस्ट्रेशन) द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने एक बार फिर सफलता का परचम लहराया है। संस्थान के विद्यार्थियों का चयन देश के प्रतिष्ठित 5 स्टार होटलों में लगभग 17 सप्ताह की इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग के लिए हुआ है। चयनित विद्यार्थियों को हयात रीजेंसी दिल्ली, द लीला पैलेस चेन्नई, द लीला पैलेस जयपुर, पुलमैन और नोवोटेल नई दिल्ली एरोसिटी, रेडिसन ब्लू रिज़ॉर्ट गोवा, इंदौर मैरियट होटल, लेमन ट्री होटल इंदौर, लेमन ट्री होटल पुणे एवं नर्मदा जैक्सन जबलपुर जैसे नामी होटलों में प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा। संस्थान के प्राचार्य, अकादमिक एवं प्रशासनिक स्टाफ ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। प्राचार्य ने बताया कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, समर्पण और संस्थान के गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण का परिणाम है।

## श्रद्धालुओं को न हो कोई परेशानी: निगमायुक्त

**व्यवस्थाएँ चाकचौबंद, पूजा स्थलों पर तैनात किये गए अधिकारी कर्मचारी**



**जबलपुर।** महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार नगर निगम के अधिकारियों द्वारा संभागवार छठी मईया की पूजा स्थलों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित कराई गयी है। तैयारियों के संबंध में निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि सभी संबंधित जगहों पर निगम द्वारा निर्धारित नोडल एवं संभागीय अधिकारियों द्वारा अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों में भ्रमण कर व्यवस्थाएँ दुरूस्त कराई गयी है। उन्होंने बताया कि संस्कारधानी में सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा धूमधाम, हर्षोल्लास और आस्था के साथ शहर भर में 27 एवं 28 अक्टूबर 2025 को सामूहिक रूप से मनाया जायेगा। जहाँ पर आकर्षक पेंटिंग और सतरंगी रंगोली आकर्षण का केन्द्र रहेगी। इसके लिए निगम प्रशासन की ओर से व्यापक तैयारियाँ कराई गयी है तथा शेष कार्य जारी है। उन्होंने बताया कि गौरीघाट, तिलवाराघाट, कालीघाट, जिलेहरीघाट, अधारताल, हनुमानताल, गुलौआ, मानेगांव, पुराना कंचनपुर तालाब, राँझी एस.ए.एफ. तालाब, मानेगांव तालाब, इस्टलैण्ड खमरिया तालाब, उदय नगर तालाब, हनुमान मंदिर तीन पुलिया न्यू कंचनपुर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी महाराजपुर, चांदमारी तलैया के पास चौबे किराना के सामने, टेलीग्राफ कॉलोनी रानीताल, संजीवनी नगर शाही तालाब, मढ़ई तालाब, तथा अन्य पूजा स्थलों पर विशेष साफ-सफाई, प्रकाश, चेंजिंग रूम, के साथ-साथ अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ कराई जा रही है।

प्रतियोगिता

मानसिक दिव्यांगों ने दिए रोचक एवं सरल प्रश्नों के उत्तर

## राज्य स्तरीय क्विजलेट प्रतियोगिता का आयोजन, विकलांग सेवा भारती ने मारी बाजी





**नवभारत,जबलपुर।** मानसिक रूप से मंद छात्रों ने आत्मविश्वास से भरा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने पूछे गए प्रश्नों को ना सिर्फ समझा बल्कि उनके उत्तर भी दिए, मंच पर बच्चों का उत्साह और ज्ञान देखकर ऐसा लग रहा था मानो वे किसी लाइव टीवी शो का हिस्सा हों। क्विज मास्टर हिमाद्री बैनर्जी ने बच्चों से रोचक और सरल प्रश्न पूछे जिनका उत्तर बच्चों ने बड़ी समझदारी से दिया। अवसर था सेवा में एक्शन बेंगलुरु एवं स्पेशल ओलंपिक भारत-मध्य प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय क्विजलेट प्रतियोगिता का। जिसमें जबलपुर की विकलांग सेवा भारती की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। अब यह टीम राष्ट्रीय स्तर पर मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। कार्यक्रम में स्नेह निकेतन के विशेष छात्रों ने सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में स्पेशल ओलंपिक की उपाध्यक्ष रुमा बनर्जी ने कहा कि ज्ञान मंच के माध्यम से इन बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने और उनके बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रदेश के कुल 55 प्रतिभागियों ने जूनियर एवं सीनियर श्रेणियों में भाग लिया। कार्यक्रम में मुंदिता, शासकीय मूक-बधिर विद्यालय, विकलांग सेवा भारती, आशादीप विद्यालय, आशा आर्मी, स्लेट निकेतन विद्यालय आदि संस्थाओं का सहयोग रहा।

### स्मृति चिन्ह के साथ मिले नगद पुरस्कार

पुरस्कार वितरण समारोह में आयुषी रजक एवं कनिष्का साहू (विकलांग सेवा भारती जबलपुर) को प्रथम पुरस्कार के रूप में 10, 000 रूपए की राशि प्रदान की गई। द्वितीय पुरस्कार 4,000 रूपए इंदौर की अनुभूति सेवा संस्थान के दुर्गेश एवं हर्षा यादव को मिला। सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाणपत्र भेंट किए गए।

**ये अतिथि रहे उपस्थित**

मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मिक एवं सांसद आशीष दुबे उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व सांसद जयश्री बैनर्जी, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज , जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, स्पेशल ओलंपिक भारत मप्र के एरिया डायरेक्टर दीपांकर बैनर्जी, खेल निदेशक एतिशामुद्दीन, प्रोग्राम मैनेजर अक्षय कुमार, एलिक डिसूजा एवं सचिव मिताली बनर्जी विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वर्षा सरावगी ने किया और आभार प्रदर्शन रूबी बनर्जी ने किया।

### पूर्व छात्रों ने गाए सुरमधुर गीत

**नवभारत, जबलपुर।** शनिवार को महाकौशल विद्यालय, गोलबाजार के शताब्दी सभागृह में एक कराओके गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ रवि फडनिस, प्रतियोगिता के निर्णायकद्वय पंकज कायंदे एवं आरके सिन्हा, शिक्षण मंडल के अध्यक्ष डॉ जयंत तनखीवाले, सचिव प्रमोद पाठक, उत्सव समिति के सचिव अविनाश हलबे, शिक्षण मंडल के संगीत , प्रशिक्षक प्रद्युम्न कायंदे एवं कार्यक्रम के संयोजक नितिन उपाध्ये द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शिक्षण मंडल के अंतर्गत आनेवाले महाराष्ट्र विद्यालय मराठी, हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम, महाकौशल विद्यालय तथा महाराष्ट्र महाविद्यालय के लगभग 35 प्रतिभागी पूर्व छात्रों ने कराओके पर सुरमधुर गीत गाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।